RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

आंधी ने खंभे दिये, भैया कई उखाड़।
ढीले ढांचे को दिया, इसने और बिगाड़।
इसने और बिगाड़, फुंक गये ट्रांसफार्मर।
बिजली आई नहीं, शहर में अजी रात भर।
कह साहिल कविराय, तार थी कसकर बांधी।
फिर से जातीं टूट, यहां जब आती आंधी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 101 | TUESDAY DATE 05-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए डीआरडीओ ने उद्योगों को सौंपी 2,200 तकनीकें: राजनाथ



» **प्रयागराज, यूटर्न/ 04 मई।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अब तक 2,200 तकनीकों को विभिन्न उद्योगों को हस्तांतरित कर चुका है। भारतीय सेना की नॉर्दर्न और सेंट्रल कमांड तथा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'नॉर्थ टेक सिम्पोजियम' के उद्घाटन सत्र में रक्षा कर्मियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए अनुसंधान पर लगातार ध्यान देना और 'सरप्राइज एलिमेंट' बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योग, अकादमिक संस्थानों और स्टार्टअप्स को आवंटित किया गया है और अब तक ये संस्थाएं इस बजट में से 4,500 करोड़ रुपए से अधिक का उपयोग कर चुकी हैं। उन्होंने आधुनिक युद्ध में तकनीकी बदलाव की तेज रफ्तार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और 'ऐसे सरप्राइज एलिमेंट सामने आ रहे हैं, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की गई थी।'

## संक्षिप्त खबरें

### कई केंद्रों पर मतगणना रोक दी गयी है: ममता



**कोलकाता, यूटर्न/ 04 मई।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा है कि कल्याणी में लगभग 100 केंद्रों पर मतगणना रोक दी गई है और कम से कम सात ईवीएम के परिणामों को गिनती में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा 'हम सूर्यास्त के बाद जीतेंगे'। सुश्री बनर्जी की यह पोस्ट दोपहर करीब 12 बज कर 35 मिनट पर आई, जिसमें उन्होंने दावा किया कि कई केंद्रों पर मतगणना रोक दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई राजनीतिक विरोधी परिणामों में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं। तृणमूल सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि कल्याणी में लगभग 100 केंद्रों पर मतगणना रोक दी गई और कम से कम सात ईवीएम के परिणाम को गिनती में शामिल नहीं किया गया है। सुश्री बनर्जी ने कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस को पिछड़ता हुआ दिखाने और हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर करने की भाजपा की एक स्पष्ट योजना है।

### नवीन ने पश्चिम बंगाल में पार्टी को मिली जीत के लिए राज्य की जनता के प्रति जताया आभार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल में पार्टी को मिली जीत के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित बंगाल के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आ'ान किया है। श्री नवीन ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल की देवतुल्य जनता को इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद, आभार एवं अभिनंदन। चैतन्य महाप्रभु, स्वामी विवेकानंद और हमारे पथप्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की यह पावन धरा अब शांति, समृद्धि और सुशासन के एक नए युग की साक्षी बनेगी। यह विजय पश्चिम बंगाल की अस्मिता, संस्कृति और गौरव की पुनर्स्थापना का प्रतीक है।

# भाजपा ही भाजपा : बंगाल में प्रचंड जीत असम-पुडूचेरी में खिला कमल

**पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद ममता बनर्जी सत्ता से बेदखल, भाजपा के पक्ष में आया ऐतिहासिक जनादेश**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए वोटों की काउंटिंग के बाद परिणाम सामने आ गया है। इन परिणामों के सहारे प्रचंड जनादेश के रूप में बंगाल में अपना सोनार बांग्ला का सपना पूर्ण करते हुए भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद सरकार बनाती हुई नजर आ रही है। बंगाल में 294 विधानसभा सीटें हैं, लेकिन वोटिंग 293 सीटों पर ही हुई। राज्य में इस बार दो चरणों में वोट डाले गए। पहले चरण में 23 और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले गए। इस बार पश्चिम बंगाल में देश के किसी भी राज्य के चुनाव से अधिक 92 प्रतिशत से ज्यादा रिकॉर्ड मतदान भी हुआ। पश्चिम बंगाल के साथ ही भाजपा ने असम में जीत की हैट्रिक लगाई तो पुडुचेरी में लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है। पांच राज्यों के चुनाव में तीन राज्यों में सत्ता हासिल करने और बंगाल से ममता सरकार को विदा करने पर भाजपा में बड़ा जश्न है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पिछले 15 सालों से राज्य की सत्ता पर काबिज थी। हालांकि, लेकिन इस बार भाजपा ने बंगाल में जनता के विश्वास को जीतने के साथ बड़ा सियासी खेला करते हुए ऐतिहासिक उलटफेर कर दिया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस शानदार प्रदर्शन के पीछे कई फैक्टर सामने आ रहे हैं।



### बंगाल की जनता को नमन, यह जनशक्ति की विजय: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने एक्स पर कई पोस्ट किए हैं, जिसमें उन्होंने लिखा कि पश्चिम बंगाल में कमल खिल उठा! पश्चिम बंगाल विधानसभा के 2026 के चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति विजयी हुई है। मैं पश्चिम बंगाल के प्रत्येक नागरिक को नमन करता हूं। जनता ने भाजपा को शानदार जनादेश दिया है और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हम ऐसी सरकार प्रदान करेंगे जो समाज के सभी वर्गों को अवसर और सम्मान सुनिश्चित करे। पीएम मोदी ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा- पश्चिम बंगाल में भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत पीढ़ियों से अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रयासों और संघर्षों के बिना संभव नहीं होती। मैं उन सभी को सलाम करता हूं। वर्षों से उन्होंने जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की है, हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है और हमारे विकास एजेंडे के बारे में बात की है। वे हमारी पार्टी की ताकत हैं।

### भाजपा ने ममता दीदी को पराजय की 'झालमुड़ी' खिलाई : एकनाथ शिंदे

**मुंबई, यूटर्न/ 04 मई।** पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनती दिख रही है। विधानसभा चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भारी बहुमत मिलता दिख रहा है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रदेश में लंबे शासन के बाद सत्ता से बेदखल होती हुई नजर आ रही है। वहीं, असम में तीसरी बार भाजपा सत्ता में लौटती दिख रही है। दोनों राज्यों में भाजपा की जीत से एनडीए के सहयोगी दलों में भी खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में शिवसेना (शिंदेगुट) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुशी जताई है। एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज का दिन भाजपा के लिए ऐतिहासिक है। पश्चिम बंगाल में पहली बार कमल खिल गया है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ने ममता दीदी को पराजय की 'झालमुड़ी' खिलाई है। गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी जनता ने पश्चिम बंगाल में सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की स्थापना की है। उन्होंने विकास, प्रगति, स्थिरता और शांति को वोट दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इस शताब्दी वर्ष में वंदनीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि में भाजपा की जीत सर्वार्थ में ऐतिहासिक है।

### इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आएगा: खंडेलवाल

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** चांदनी चौक से भारतीय जनता जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने विधानसभा चुनाव की मतगणना के रुझानों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देश की जनता का अटूट विश्वास बताया है और कहा है कि इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आएगा। श्री खंडेलवाल ने सोमवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हो रही मतगणना के रुझानों पर यहां प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम एक बार फिर यह स्पष्ट कर देंगे कि श्री राहुल गांधी के करिश्माई नेतृत्व में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा और तथाकथित 'इंडिया गठबंधन' पूरी तरह बिखरता हुआ नजर आएगा।

### देश में इंडिया गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं है: पूनावाला

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कई राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के रुझानों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है और कहा कि वह (श्री गांधी) इंडिया गठबंधन को संभालने में नाकाम साबित हुए हैं, जिसके कारण इस गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं है। श्री पूनावाला ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश में लगातार 12 सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद नए राज्यों में भाजपा की सरकारें बन रही हैं।

# पश्चिम बंगाल व असम में भाजपा की प्रचंड जीत पर दिल्ली में जश्न

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री व भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन को दी बधाई**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।**

देश के विभिन्न विधानसभा चुनावों, विशेषकर पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों की स्पष्ट स्वीकृति कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्र सरकार की विकास नीतियों का लाभ अब पश्चिम बंगाल को भी मिलेगा और वह दिल्ली की तरह विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पार्टी की जीत पर दिल्ली सचिवालय में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ इस जीत का उत्सव मनाया, सभी ने एक-दूसरे को झालमुड़ी और रोशोगुल्ले खिलाकर खुशी साझा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी देश की जनता विकास, स्थिरता और सुशासन के पक्ष में इसी प्रकार अपना समर्थन देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश के बदलते मनोभाव का प्रतीक है। अब देश की जनता झूठे नारों, भ्रम फैलाने वाली राजनीति और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के खोखले दावों से ऊपर उठकर ठोस विकास, पारदर्शिता और परिणाम आधारित शासन को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को व्यवहार में उतारा है, जिसका असर आज हर राज्य और हर वर्ग में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने आमजन के जीवन में वास्तविक परिवर्तन आया है। गरीब, किसान, महिला और युवा, सभी वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में जो कार्य हुए हैं, उन्होंने देश की विकास यात्रा को नई गति दी है।



साथ ही, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती साख और मजबूत नेतृत्व ने देश की छवि को और सुदृढ़ किया है।




# टेक्नोलॉजी-आधारित इनोवेशन भारत के आर्थिक पुनर्जागरण की कुंजी है: डॉ. जितेंद्र सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।**

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि टेक्नोलॉजी-आधारित इनोवेशन भारत के आर्थिक पुनर्जागरण की कुंजी है, जिसका दायरा अब रिसर्च से आगे बढ़कर उद्योग, स्टार्टअप्स और राष्ट्रीय विकास तक पहुंच चुका है।

मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) के ऑडिटोरियम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के 56वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अब विज्ञान को 'प्रयोगशालाओं से बाजार तक और विचारों से प्रभाव तक' पहुंचाना होगा, जो एक नई नीति दिशा को दर्शाता है, जिसमें रिसर्च को सीधे आर्थिक परिणामों से जोड़ा जा रहा है।

डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निर्णायक बदलाव आया है, जिसे उन नीतिगत फैसलों का समर्थन मिला है जिनके तहत अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को निजी भागीदारी के लिए खोला गया है।

उन्होंने आगे कहा कि इन कदमों से



स्टार्टअप्स और उद्योगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं, जिससे भारत अपने विशाल मानव संसाधन का बेहतर उपयोग कर पा रहा है और वैश्विक इनोवेशन इकोसिस्टम में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

स्पेस सेक्टर के तेजी से विस्तार का जिक्र करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र के लिए इसे खोलने के कुछ ही वर्षों में भारत में स्टार्टअप-आधारित इनोवेशन में तेजी आई है। सैटेलाइट टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित हो रही हैं, जो आर्थिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह की गति अन्य उभरती तकनीकों के क्षेत्रों में भी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश उद्योग और निजी क्षेत्र से अलग रहकर विज्ञान में आगे नहीं बढ़ सकता, इसलिए सरकार, अकादमिक संस्थानों और उद्योगों के बीच गहरा सहयोग जरूरी है। भारत की वैश्विक वैज्ञानिक स्थिति भी काफी मजबूत हुई है, जहां उच्च स्तर के रिसर्च प्रकाशनों में देश की हिस्सेदारी बढ़ी है, जो गुणवत्ता और प्रभाव दोनों को दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी तेजी से बढ़ा है, जो एक दशक पहले कुछ सौ तक सीमित था, लेकिन अब यह दो लाख से अधिक स्टार्टअप्स तक पहुंच चुका है। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि रिसर्च को टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और कमर्शियलाइजेशन के साथ जोड़ना जरूरी है। वहीं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर अभय करंदीकर ने अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ), आरडीआई फंड और नेशनल क्वांटम मिशन जैसी प्रमुख पहलों का जिक्र करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम भारत के विज्ञान और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।




## बापौली वार्ड नं 3 से पंचायत समिति सदस्य पद का चुनाव,10 मई को

**पानीपत, यूटर्न/ 04 मई।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 मई को बापौली खण्ड की पंचायत समिति के वार्ड नम्बर 3 के रिक्त पद के लिए सदस्य पद पर उपचुनाव होना निश्चित किया गया है। इसके लिए बापौली के राजकीय कन्या वरिष्ठ मा. विद्यालय बापौली में बाई ओर मध्य और दाई ओर मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि उप चुनाव में आचार संहिता का पालन पूर्ण रूप से किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बम की धमकी वाले ईमेल से दिल्ली के स्कूल में मचा हड़कंप

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** दिल्ली के एक स्कूल में सोमवार की सुबह बम की धमकी वाला ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया जिसके तुरंत बाद सावधानी बरतते हुए छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। स्कूल प्रशासन के अनुसार, धमकी की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने कहा कि जब तक सुरक्षा जांच के बाद स्कूल को पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक कक्षाएं निलंबित रहेंगी। सुरक्षा एजेंसियों ने ईमेल के स्रोत का पता लगाने और धमकी की सत्यता की पुष्टि करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### 'वर्क-फ्रॉम-होम' ऑनलाइन ठगी का भंडाफोड़, राजस्थान से 20 वर्षीय छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** दिल्ली पुलिस की साइबर सेल (सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट) ने 'वर्क-फ्रॉम-होम' के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में राजस्थान के करौली जिले से 20 वर्षीय वेटनरी साइंस के छात्र अनुज मीणा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह इंस्टाग्राम पर 'हैंडराइटिंग वर्क' के नाम से फर्जी विज्ञापन डालकर नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को निशाना बनाता था और उनसे अलग-अलग बहानों से पैसे वसूलता था। 29 अप्रैल 2026 को सीता राम बाजार, दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि उसे इंस्टाग्राम आईडी के जरिए घर बैठे काम करने का ऑफर मिला।

# कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग, आधा दर्जन से ज्यादा दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।**

उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी और 'शो विंडो' कहे जाने वाले नोएडा में आग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में सेक्टर-4 स्थित एक निजी कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

यह घटना थाना फेस-1 क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विद्यामंदिर क्लास कोचिंग सेंटर की है, जहां अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग चार मंजिला कॉमर्शियल बिल्डिंग के प्रथम तल (फर्स्ट फ्लोर) पर लगी, जहां कोचिंग सेंटर संचालित होता है।

आग लगने के बाद बिल्डिंग में मौजूद अन्य ऑफिसों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना के समय कोचिंग सेंटर और अन्य कार्यालय बंद थे, जिसके चलते कोई भी छात्र या कर्मचारी वहां मौजूद नहीं था। इस वजह से एक बड़ा हादसा होने से टल गया और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें काफी तेज थीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

फायर विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इसकी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। घटनास्थल पर पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं नोएडा में लगातार बढ़ रही हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। खासकर कॉमर्शियल बिल्डिंग्स में फायर सेफ्टी मानकों के पालन को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।

## पश्चिम बंगाल चुनाव की जीत के रूप में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली बढ़त पर खुशी जाहिर की। उन्होंने सोमवार को कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो सपना देखा था, आज वो पश्चिम बंगाल में मिली भाजपा को बढ़त के रूप में पूरा हो



पाया है। निश्चित तौर पर इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को जाता है, क्योंकि उनके ही नेतृत्व में आज की तारीख में पश्चिम बंगाल में भाजपा को बढ़त मिली है। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि असम और पुडुचेरी में भी हम सरकार बनाने जा रहे हैं, जिसे हमारे लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। उधर, तमिलनाडु में भी हमारी पार्टी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि वहां की मौजूदा स्थिति पूरी तरह से हमारे अनुकूल है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में हम अच्छा करेंगे। उन्होंने कहा कि केरल में भी हमारे कार्यकर्ताओं ने अच्छा काम किया है। वहां पर जमीनी स्थिति मजबूत हुई है। लिहाजा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम स्वर्ण युग में जी रहे हैं। हर राज्य में भाजपा की स्थिति अनुकूल होती जा रही है, जिसे हम राजनीति के दृष्टिकोण से खुद के लिए शुभ संकेत के रूप में देख सकते हैं। उन्होंने ममता बनर्जी पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को जो करना है, वो कर सकती हैं। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। अब पश्चिम बंगाल की जनता जो फैसला देना था, वो दे दिया है।

# नई दिल्ली में टीएमसी कार्यालय पर पसरा सन्नाटा, भाजपा लगातार बना रही बढ़त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।**

पश्चिम बंगाल में मतगणना के बीच राजधानी नई दिल्ली स्थित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यालय के बाहर असामान्य सन्नाटा देखने को मिल रहा है। आमतौर पर चुनाव परिणामों के दिन जहां पार्टी कार्यालयों में कार्यकर्ताओं और नेताओं की भारी भीड़ उमड़ती है, वहीं इस बार टीएमसी के दफ्तर के बाहर सोमवार सुबह से ही कोई खास हलचल नजर नहीं आई। सोमवार सुबह के समय, जब देशभर में चुनावी नतीजों को लेकर उत्सुकता चरम पर होती है, टीएमसी कार्यालय के बाहर न तो समर्थकों की भीड़ दिखी और न ही पार्टी के वरिष्ठ नेता वहां पहुंचे। यह स्थिति उस समय और भी ध्यान खींचने वाली बन गई, जब पश्चिम बंगाल में चल रही मतगणना के शुरूआती रुझानों में टीएमसी अपेक्षा से पीछे चलती दिखाई दी। देखा जाए तो शुरूआती रुझानों का



सीधा असर पार्टी के मनोबल पर पड़ा है, जिसका प्रतिबिंब दिल्ली स्थित कार्यालय में साफ देखा जा सकता है। आमतौर पर ऐसे मौकों पर ढोल-नगाड़ों और जश्न की तैयारियां देखने को मिलती हैं, लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह शांत और गंभीर बना हुआ है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पार्टी के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी फिलहाल टीवी और डिजिटल माध्यमों के जरिए मतगणना के रुझानों पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा और नतीजे स्पष्ट होंगे, स्थिति में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। टीएमसी के लिए यह चुनाव काफी अहम माना जा रहा है, और पार्टी को अपने गढ़ में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद थी। लेकिन शुरूआती रुझानों ने पार्टी के भीतर चिंतन का माहौल बना दिया है। दिल्ली कार्यालय की खामोशी इस बात का संकेत दे रही है कि पार्टी फिलहाल परिणामों को लेकर सतर्क और संयमित रुख अपना रही है।

वहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की मतगणना के रुझानों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 293 सीटों पर जारी गिनती के बीच ऐसे चार जिले सामने आए हैं, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का खाता तक नहीं खुलता दिख रहा है। जिन चार जिलों में टीएमसी का खाता तक खुलता नहीं दिख रहे हैं, उसमें उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जबकि दक्षिण बंगाल के झारग्राम और पश्चिम बर्धमान शामिल हैं। झारग्राम इलाका आदिवासी बहुल जंगलमहल क्षेत्र का हिस्सा है, जो कभी माकपा का गढ़ रहा, लेकिन 2011 के बाद यह तृणमूल कांग्रेस का मजबूत आधार बन गया था। लेफ्ट फ्रंट के अंतिम वर्षों में यह इलाका माओवादी गतिविधियों के लिए भी जाना जाता था।

## युवक-युवती ने तीन मंजिला मकान से लगाई छलांग, लड़के की मौत




**नोएडा, यूटर्न/ 04 मई।** नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने शहर में बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर चिंता और भी गहरा दी है। सेक्टर-22 स्थित एक तीन मंजिला मकान की छत से एक युवक और युवती के कूदने की सूचना मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार, 4 मई को सूचना प्राप्त होते ही थाना सेक्टर-24 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल युवती की हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए दिल्ली रेफर कर दिया गया। मृतक युवक की पहचान पुनीत पुत्र कृष्णपाल सिंह (उम्र करीब 35 वर्ष) निवासी ग्राम उल्देपुर, जिला मेरठ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती दोनों नोएडा में किराए पर रह रहे थे। युवती की उम्र करीब 20 वर्ष बताई जा रही है। घटना के समय दोनों छत पर मौजूद थे, जहां से उन्होंने छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही युवती के परिजन मौके पर पहुंच गए, जबकि युवक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मोहाली स्थित मम्स लैप कैमेलॉट प्री स्कूल में दो दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का भव्य आयोजन

» राजेश सलूजा





हरियाणा, यूटर्न/ 04 मई। मोहाली के सनी एनक्लेव, खरड़ स्थित मम्स लैप कैमेलॉट प्री स्कूल में दो दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर ग्रेसियन हॉस्पिटल, मोहाली के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।

इस कैंप के दौरान स्कूल के सभी विद्यार्थियों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अनुभवी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाली और डॉ. पंकज ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की, जिसमें उनकी ऊंचाई, वजन, पोषण स्तर और अन्य शारीरिक पहलुओं का ध्यानपूर्वक मूल्यांकन किया गया। साथ ही, बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी अभिभावकों तक पहुंचाए गए, ताकि वे घर पर भी बच्चों की सही देखभाल कर सकें। इसके अतिरिक्त, ग्रेसियन हॉस्पिटल की टीम द्वारा बच्चों की आंखों की विशेष जांच भी की गई, जिससे शुरूआती अवस्था में ही किसी भी दृष्टि संबंधी समस्या का पता लगाया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करना और उनके स्वास्थ्य के प्रति समय-समय पर जागरूकता बढ़ाना है। स्कूल प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए *ग्रेसियन हॉस्पिटल* की पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया, विशेष रूप से डॉ. हरप्रीत का, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से यह कैंप सुचारू रूप से संपन्न हो सका।

# बरवाला में बीजेपी समर्थकों ने मनाई खुशी, लड्डू बांटकर दी बधाई

» हरियाणा, यूटर्न/ 04 मई।



पश्चिम बंगाल एवं असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में बरवाला अनाज मंडी में भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों द्वारा उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर सिंह धीरू कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व पर विश्वास, पार्टी की नीतियों और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य किया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी ने एकजुट होकर जीत हासिल कर परचम लहराया है। अनाज मंडी में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने 'भारत माता की जय' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारों के साथ अपनी खुशी जाहिर की। माहौल पूरी तरह उत्साह और उल्लास से भरा रहा। इस मौके पर स्थानीय नेताओं ने सभी कार्यकताओं को इस जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संगठन की एकजुटता और मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज संदूजा, वाइस चेयरमैन रोशन घणघस, प्रमोद सिवाच, एमिनेंट पर्सन सुरेश गोयल, विनोद बंसल, पूर्व पार्षद सुंदर गोयल, सतीश गिल, प्रेम जांगड़ा, प्रमोद जैन, सतीश कॉटन, कृष्ण कुमार, प्रधान परमानंद जांगड़ा, पूर्व चेयरमैन सुरेश बंसल, महाबीर गर्ग, जगत राम मित्तल, आदि.



## पुलिस कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

# एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया के पहलुओं को सरल व स्पष्ट तरिके से समझाया

» निर्मल सिंह

पानीपत, यु-टर्न 04 मई ( ) पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ बनाने और उन्हें विधिक प्रक्रियाओं के प्रति अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

डिप्टी डायरेक्टर ऑफ प्रासिक्यूशन राजेश चौधरी ने इस दौरान पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारियों व चौकी इंचार्जो को अभियोग दर्ज करने से संबंधित नियमों एवं निर्देशों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और प्रशिक्षण के महत्व बारे बताया। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज करना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि न्याय दिलाने की दिशा में पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। यदि यह प्रक्रिया सही और पारदर्शी तरीके से की जाती है, तो इससे न केवल जांच की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि आमजन का पुलिस के प्रति विशवास भी मजबूत होता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारी को अभियोग दर्ज करने से संबंधित नियमों एक निदेर्शों की अच्छे से जानकारी होना बेहद जरूरी है।

डिप्टी डायरेक्टर ऑफ प्रासिक्यूशन राजेश चौधरी ने अभियोग दर्ज करने से संबंधित नियमों एवं निदेर्शों की गहनता से जानकारी देकर सरल एवं स्पष्ट तरिके से समझाया। उन्होंने बताया कि सही, निष्पक्ष एंव समयबद्ध तरीके से एफआईआए दर्ज करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और यह न्याय प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर योगेश्वर शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी एवं बंगाल की जनता का धन्यवाद किया





## पश्चिम बंगाल की विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती, जनविश्वास और विकास की विचारधारा की जीत है : योगेश्वर शर्मा

» पंचकूला, यूटर्न/ 04 मई।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व जीत पर समस्त देशवासियों, विशेषकर पश्चिम बंगाल की जागरूक जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती, जनविश्वास और विकास की विचारधारा की जीत है।

योगेश्वर शर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की रणनीतिक कुशलता तथा भाजपा के समर्पित एवं अथक परिश्रम करने वाले कार्यकताओं के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को अपनाते हुए देश के हर वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य किया है, और बंगाल की जनता ने इसी विश्वास पर मुहर लगाई है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने वर्षों से चली आ रही तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और अराजकता की राजनीति को नकारते हुए विकास, पारदर्शिता और सुशासन को चुना है। यह जनादेश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि काम और परिणाम पर विश्वास करती है। योगेश्वर शर्मा ने कहा कि यह जीत पूरे देश के भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बंगाल के हर बूथ पर कार्यकताओं ने मेहनत, समर्पण और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया, उसी प्रकार हमें अपने क्षेत्र में भी संगठन को मजबूत करना होगा और जनता के बीच जाकर भाजपा की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने विशेष रूप से पंचकूला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले नगर निगम के महापौर एवं पार्षदों के चुनावों में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर मजबूत और ईमानदार नेतृत्व ही शहर के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। भाजपा ने हमेशा शहरी विकास, स्वच्छता, आधारभूत संरचना, जल प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी है, और आने वाले समय में भी यह प्रतिबद्धता और अधिक मजबूती के साथ जारी रहेगी। योगेश्वर शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर अपने शहर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करें, जहां हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण और प्रगतिशील अवसर मिलें।

# एचएसएससी पूर्व सदस्य डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज भाजपा में शामिल

## आरएसएस का कार्यकता था, हूं और सदैव रहूंगा : डॉ. भारद्वाज

## उकलाना चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी

» हरियाणा, यूटर्न/ 04 मई।



हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में विश्वास जताते हुए प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। पार्टी में शामिल होने के बाद डॉ. भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि वे लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता रहा हूं, कार्यकर्ता हूं और जीवनभर कार्यकर्ता के रूप में ही कार्य करता रहूंगा। मैंने सदैव समाज सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य किया है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने पहले कभी किसी राजनीतिक दल की सदस्यता नहीं ली, लेकिन भाजपा की नीतियों, नेतृत्व और राष्ट्रहित के दृष्टिकोण से प्रभावित होकर आज पार्टी से जुड़े हैं। डॉ. भारद्वाज ने प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव उन्हें सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि 'सुरेंद्र पूनिया द्वारा मेरे निवास स्थान पर आकर मेरा मान-सम्मान बढ़ाना मेरे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आज फिर उसी परंपरा को निभाया है, जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूं।' इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज का पार्टी में स्वागत करते हुए उनकी प्रशंसा की और कहा कि डॉ. भारद्वाज एक अनुभवी, समर्पित और जमीनी स्तर से जुड़े हुए व्यक्तित्व हैं। उन्होंने कहा कि 'डॉ. भारद्वाज का लंबा सामाजिक अनुभव, संगठनात्मक समझ और सेवा भाव पार्टी के लिए अमूल्य साबित होगा। उनके जुड़ने से भाजपा को मजबूती मिलेगी और संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।' उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. भारद्वाज जैसे प्रतिबद्ध कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, जो विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि उकलाना नगर पालिका चुनाव को लेकर डॉ. भारद्वाज को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पर डॉ. भारद्वाज ने कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने और चुनाव में बेहतर परिणाम दिलाने के लिए पूरी ताकत से कार्य करेंगे।



# पश्चिम बंगाल चुनाव जीत पर कोर्ट परिसर में भव्य जश्न, वकीलों ने बांटे लड्डू, गूंजे भारत माता के जयकारे

**पानीपत, यूटर्न/ 04 मई।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता के बाद देशभर में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में पानीपत के जिला न्यायालय परिसर में भी अधिवक्ताओं और कार्यकताओं द्वारा भव्य जश्न मनाया गया। कोर्ट परिसर में एकत्रित वकीलों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और लड्डू बांटकर इस जीत को ऐतिहासिक बताया। इस दौरान पूरे परिसर में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से माहौल गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री  के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत देश की जनता के अटूट विश्वास और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। इस अवसर पर पानीपत बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान फ्रीरँ रँ१ें ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली सफलता यह साबित करती है कि जनता अब विकास, पारदर्शिता और मजबूत शासन को प्राथमिकता दे रही है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## चाइनीज मांझे से कटा पांच साल के बच्चे का गला, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** उत्तर-पूर्वी जिले के उस्मानपुर इलाके में एक पांच साल के बच्चे की चाइनीज मांझे से गला कटने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के पास एक बच्चे का गला 'चाइनीज मांझे' से कट गया। वह परिवार के साथ साइकिल पर जा रहा था। जानकारी के अनुसार 3 मई 2026 को न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन को जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि मांझे से घायल एक 5 वर्षीय बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि बच्चा अपनी मां और चाचा के साथ मोटरसाइकिल पर न्यू उस्मानपुर स्थित सीएनजी पंप की ओर जा रहा था, तभी अचानक ऊपर से मांझा उसके गले पर लगा और वह घायल हो गया। इलाज के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई। न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन में धारा 106/223 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## बीमार मां को बाहर निकाला और दो घरेलू सहायिकाओं को भी बचाया, खुद अंदर फंस गई शिखा जैन; गई जान

**दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** तड़के पौने चार बजे इमारत के सभी लोग गहरी नींद में थे तभी शिखा की आंख खुली तो उन्होंने देखा कि घर में धमाका हुआ है और आग लग गई है। उन्होंने फौरन एक-एक कर घर के सभी लोगों को जगाया। इस बीच उन्होंने घर में मौजूद दोनों नौकरानियों को बाहर निकलने के लिए कहा। शिखा ने ही घर का दरवाजा खोला।

शिखा ने चिल्लाकर बिल्डिंग के लोगों को जगाने का भी प्रयास किया, लेकिन सभी गहरी नींद में थे जिसकी वजह से कोई जगा नहीं। इस बीच शिखा की दोनों नौकरानियां बाहर निकल गईं। पति नवीन के साथ मिलकर अपने बुजुर्ग पिता अरुण जैन को शिखा ने सीढ़ियों से नीचे उतार दिया।

इस बीच आग ने फ्लैट के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। नवीन भागे-भागे पड़ोसियों के पास



पहुंचे। और वहां से गद्दे ले आए। उन्हें लगा कि शायद गद्दे कुछ काम आएंगे। शिखा की मां अंदर ही मौजूद थीं। शिखा उनको बचाने में लगी रहीं।

नवीन ऊपर पहुंचे और इमारत की साइड में लगे खिड़की के कांच को तोड़ दिया। नवीन ने नीचे गद्दे पहले ही डाले हुए थे। दोनों बेटियों रक्षता और प्रियल को उन्होंने दूसरी मंजिल से नीचे कूदने के लिए कहा। दूसरी ओर शिखा ने किसी तरह आग की लपटों के बीच बीमार मां को बाहर निकाला लेकिन खुद अंदर फंस गई। नवीन झुलसने के बाद भी किसी तरह फ्लैट से निकलने में कामयाब हो गए। इस बीच मदद को आए लोगों ने शिखा की मां दर्शना जैन को बाहर सुरक्षित निकाल लिया। बाद में नवीन को भी सुरक्षित स्थान पर ले आया गया। शिखा फ्लैट में अचेत होकर गिर गईं। बाद में उनका झुलासा हुआ शव बरामद हुआ। पति नवीन की हालत नाजुक बनी हुई है। एक अन्य परिजन सुरेश ने बताया कि मूलरूप से होडल हरियाणा के रहने वाले नवीन का सदर बाजार इलाके में गत्ते का बड़ा कारोबार है। नवीन की छोटी बेटी प्रियल 10वीं कक्षा की छात्रा है। बड़ी बेटी रक्षता नोएडा के एक कॉलेज से बीबीए कर रही है।

## संक्षिप्त
## ताजा खबरें

### घर में घुसकर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 04 मई।** निठोरा गांव मार्ग स्थित अशोक विहार कॉलोनी के पास घर में घुसकर चार लोगों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। घर में रखे इनवर्टर को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। घायल युवक को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घालय शादाब की पत्नी गुलफसा ने तहरीर में बताया कि 1 मई की रात करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाले शाहनवाज, दिलशाद, आरिफ और आसिफ उनके घर पहुंचे। चारों का उनके पति के साथ इनवर्टर को लेकर विवाद हो गया। चारों ने पति पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### कॉमर्शियल गैस की किल्लत से 10 फीसदी तक बढ़े एसी-कूलर के दाम

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** कॉमर्शियल गैस की किल्लत से एसी, कूलर और पंखों के दाम में 10 फीसदी तक उछाल आ गया है। इस महंगाई के बावजूद इनकी बिक्री तेजी से बढ़ी है। गाजियाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्ध इलेक्ट्रानिक एसोसिएशन के मुताबिक, पिछले 15 दिनों में तीनों जिलों में दो लाख एसी, इतने ही कूलर और साढ़े तीन लाख पंखे बिक चुके हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप गर्ग ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की प्लास्टिक बॉडी क्रूड ऑयल से तैयार दानों से बनती है। इन्हें तैयार करने में कॉमर्शियल गैस का इस्तेमाल होता है। मिडिल ईस्ट में हालात सामान्य नहीं होने से क्रूड ऑयल के साथ गैस के दाम बढ़ रहे हैं। इससे न केवल आम जनता, बल्कि व्यापारी वर्ग भी परेशान है। कूलर एसोसिएशन के पदाधिकारी गोपीचंद का कहना है कि जो कूलर पहले 10 हजार का था, अब उसकी कीमत 11 हजार पहुंच गई है।

### भाजपा पार्षद को धमकी देने वाले दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** शालीमार गार्डन निवासी भाजपा पार्षद रवि भाटी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पप्पू कॉलोनी निवासी अरवाज और राजीव कॉलोनी निवासी अशरूर उर्फ आलम हैं। मामला 6 अप्रैल का है, जब पार्षद ने क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर उतरवाए थे। तब समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी।

# गर्मियों से पहले एक्शन मोड में सरकार
# जल आपूर्ति पर सीएम रेखा की बड़ी बैठक




» **दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के साथ गर्मियों में जल आपूर्ति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राजधानी में पानी की निर्बाध, समान और सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर, संचालन दक्षता, तकनीकी हस्तक्षेप और दीर्घकालिक जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई। मुख्यमंत्री ने जल आपूर्ति बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए पानी के टैंकरों की जीपीएस ट्रैकिंग हेतु ड्राइवर ऐप विकसित किया जाएगा। इसके जरिए जल आपूर्ति की निगरानी और रिकॉर्डिंग संभव होगी। दिल्ली जल बोर्ड ने जल आपूर्ति क्षमता बढ़ाते हुए भूजल स्रोतों से करीब 1314 एमजीडी अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराया है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर दक्षिणी दिल्ली में करीब 430 छोटे ट्यूबवेल और पल्ला क्षेत्र में 60 उच्च क्षमता वाले ट्यूबवेल स्थापित किए गए हैं, जिससे नरेला और बादली जैसे इलाकों को लाभ मिला है। बढ़ती मांग को देखते हुए 1,200 पानी के टैंकर संचालन में रखे गए हैं, जबकि 100 अतिरिक्त टैंकर बैकअप के रूप में तैयार हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जल आपूर्ति प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने द्वारका में दूसरे 50 एमजीडी जल शोधन संयंत्र को जल्द शुरू करने और दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में नए संयंत्रों के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने पर जोर दिया गया।

जल संरक्षण को बढ़ावा देते हुए मुख्यमंत्री ने बोरवेल एनओसी के लिए वर्षा जल संचयन को अनिवार्य शर्त बनाने के निर्देश दिए। स्कूलों और संस्थानों में भी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। जल गुणवत्ता की निगरानी को प्राथमिकता देते हुए अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए नीति तैयार करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही 'कैच द रेन' अभियान के तहत जन-जागरूकता बढ़ाने की बात कही गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सुरक्षा केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के भविष्य से जुड़ा विषय है, इसलिए अंतिम छोर तक विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

## घर के पास संदिग्ध व्यक्ति की पीटकर हत्या, शव नोएडा में फेंका

**खोड़ा, यूटर्न/ 04 मई।** पुलिस ने हत्या के मामले में सरस्वती विहार निवासी अंकित यादव को हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि 27 अप्रैल को अंकित ने अपने घर के पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति को देखा और उसे चोर समझकर पीट डाला। बेहोश होने पर वह अपनी कार में डालकर उसे नोएडा स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल के सामने फेंक आया। नोएडा पुलिस की छानबीन में मामला खोड़ा का निकला। तब पुलिस ने जीरो एफआईआर लिखकर ट्रांसफर की। खोड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। वहीं मृतक की शिनाख्त खोड़ा गली नंबर 5 निवासी अनिल कुमार (40) के तौर पर हुई है।

पुलिस के अनुसार अंकित यादव मूलरूप से सिंभावली हापुड़ का रहने वाला है। 27 अप्रैल की तड़के अंकित ने घर के पास अज्ञात व्यक्ति को खड़ा देखा था। अंकित ने उसे पकड़ लिया और आरोप है कि बुरी तरह पिटाई की। जब वह बेहोश हुआ तब तड़के करीब 4 बजे आरोपी उसे अपनी कार में डालकर नोएडा ले गया और अस्पताल के बाहर फेंक दिया। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। नोएडा पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तब अंकित शव को कार से बाहर फेंकता दिखाई दिया। पुलिस ने कार को ट्रेस किया तब पता चला कि मामला खोड़ा का है। नोएडा पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला खोड़ा थाने ट्रांसफर कर दिया। 3 मई को खोड़ा पुलिस की टीम ने अंकित यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

## ट्रेंडिंग न्यूज

### कार चालक ने दो को रौंदा, अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट

ट्रेंडिंग न्यूज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** पुराना बस अड्डा फ्लाईओवर के नीचे तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दो दिन बाद रविवार को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि गाड़ी में चार लोग थे और चालक नशे में गाड़ी चला रहा था। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि घटना सिहानी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात करीब एक बजे हुई। पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार होंडा सिटी कार ने मालीवाड़ा निवासी सोनू और संजय को टक्कर मार दी थी। घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## फ्रॉड की शिकायत पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** 55 लाख का फ्रॉड करने की शिकायत पुलिस आयुक्त से करने पर युवक ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूर्व के मामले में भी जांच जारी है। मामला कविनगर थाना क्षेत्र के राजनगर का है। ललित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ लोगों ने उनके साथ 55 लाख रुपये का फ्रॉड किया था। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस आयुक्त को दी थी। मामले में एसीपी कविनगर की ओर से जांच की जा रही है। उनका आरोप है कि 23 अप्रैल को रात करीब नौ बजे उन्हें विजय तिवारी ने फोन पर पूर्व में की शिकायत को लेकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि विजय तिवारी जेडआरएस कंपनी में एमडी के पद पर है।

## सीकरी फ्लाईओवर के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** सीकरी फ्लाईओवर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के फालेन गांव निवासी वेदराम के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक के भाई कान्हा ने दी शिकायत में बताया कि एक मई की रात करीब नौ से दस बजे के बीच वेदराम अपनी मोटरसाइकिल से मथुरा स्थित अपने गांव जा रहा था।



## नोएडा में नशीले पदार्थों के बड़े रैकेट का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा, यूटर्न/ 04 मई।** नोएडा के थाना सेक्टर-126 पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से भारी मात्रा में विदेशी नशीला पदार्थ बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7 से 8 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 3 मई 2026 को बीट पुलिसिंग और स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर-94 पुश्ता रोड के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम कुंवर (26 वर्ष), निवासी सेक्टर-1 कौशांबी, गाजियाबाद और नितिन चौहान (25 वर्ष), निवासी सदरपुर, सेक्टर-45 नोएडा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 500 ग्राम ओजी (उच्च गुणवत्ता वाला विदेशी गांजा), दो मोबाइल फोन, दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक होंडा सिटी कार तथा पैकिंग में उपयोग किए जाने वाले 20 पॉलिथीन और 16 लिफाफे बरामद किए हैं।

## मुठभेड़ में कच्छा-बनियान गिरोह के तीन बदमाशों को लगी गोली, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिणी दिल्ली में रविवार देर रात पुलिस और कुख्यात कच्छा-बनियान गिरोह के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें तीन बदमाश घायल हो गए, जबकि कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उन्हें दक्षिणी दिल्ली में मुखबिर से सक्रिय एक संगठित गिरोह की सूचना मिली थी, जो चोरी और लूट की कई वारदातों में शामिल रहा है। इनपुट मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की घेराबंदी की। खुद को चारों ओर से घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें तीन आरोपियों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वहीं, पूछताछ के बाद अन्य तीन आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध हथियार, कारतूस और चोरी का सामान भी बरामद किया है, जिससे गिरोह की गतिविधियों की पुष्टि होती है।

# बेंगलुरु 2035 तक दुनिया में सबसे तेजी से विकसित होने वाला शहर बन सकता है: रिपोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।



बेंगलुरु 2035 तक दुनिया में सबसे तेजी से विकसित होने वाला बड़ा शहर बन सकता है। इसकी वजह शहर में तेजी से ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) और अच्छे टैलेंट का बढ़ना है। प्रॉपर्टी कंसल्टिंग फर्म सैविल्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके इंडेक्स (जिसमें 245 शहरों का आकलन किया गया) ने शीर्ष 20 शहरों में कई भारतीय शहरों को स्थान दिया है और पाया है कि इन सबसे तेजी से बढ़ते शहरों में से 85 प्रतिशत एशिया प्रशांत क्षेत्र के हैं। इंडेक्स में शीर्ष 50 शहरों में से तीन-चौथाई शहर एशिया प्रशांत क्षेत्र के हैं, जिनमें भारत, वियतनाम और चीन अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। युवा और कुशल कार्यबल, बढ़ते आंतरिक प्रवासन और उच्च आय वाले परिवारों की बढ़ती संख्या जैसे कारक शीर्ष बीस शहरों में शामिल भारतीय शहरों के विकास के प्रमुख चालक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन तेजी से विकसित हो रहे शहरों में रियल एस्टेट बाजारों के तेजी से विकसित होने की उम्मीद है, जिससे सभी क्षेत्रों में निवेशकों और डेवलपर्स के लिए मजबूत अवसर पैदा होंगे।

शहरों का मूल्यांकन कई आर्थिक संकेतकों के आधार पर किया गया, जिनमें 2035 तक शहर की जीडीपी वृद्धि, व्यक्तिगत संपत्ति वृद्धि, जनसंख्या निर्भरता अनुपात, आंतरिक प्रवासन और 70,000 डॉलर से अधिक आय वाले परिवारों की संख्या शामिल हैं। इसमें केवल उन्हीं शहरों को शामिल किया गया जिनकी जीडीपी 2025 में 50 अरब डॉलर या उससे अधिक थी।

# महाराष्ट्र में नए हाईवे प्रोजेक्ट्स से बढ़ेगी कनेक्टिविटी, गडकरी ने की समीक्षा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को महाराष्ट्र में प्रस्तावित नए हाई-स्पीड कॉरिडोर, हाई-डेंसिटी कॉरिडोर और अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कई प्रमुख हाईवे विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। इनमें नागपुर-भंडारा सेक्शन को छह लेन का बनाना, तलोदा-बुरहानपुर सेक्शन को चार लेन करना, दुर्ग-गडचिरोली-मंचेरियल कॉरिडोर, गडचिरोली-कांकेर (रायपुर-विशाखापट्टनम) कॉरिडोर, ग्वालियर-नागपुर कॉरिडोर और नागपुर-हैदराबाद कॉरिडोर शामिल हैं।

इसके अलावा, भंडारा-रायपुर सेक्शन को छह लेन करने, लखनादौन-दुर्ग-रायपुर कॉरिडोर, नागपुर-



अमरावती सेक्शन को छह लेन बनाने, राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा-नागपुर बायपास-बोरखेड़ी खंड, और पुणे-सातारा सेक्शन को छह लेन बनाने जैसे प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा हुई।

बैठक में महाराष्ट्र के राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 527 किलोमीटर लंबाई के नौ राज्य स्तरीय 'बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) प्रोजेक्ट्स पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इन परियोजनाओं में शिरूर-अहिल्यानगर (चार लेन), अहिल्यानगर-वडाला (चार लेन), वडाला-छत्रपति संभाजीनगर (चार लेन), छत्रपति संभाजीनगर-जालना (चार लेन), जालना-वातुर (चार लेन), नादेड़-नरसी-देगलूर (चार और दो लेन), जाम-वरोरा (चार लेन), वरोरा-चंद्रपुर-बामनी (चार लेन) और मल्कापुर-चिखली (दो लेन) कॉरिडोर शामिल हैं।

बयान में कहा गया है कि इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं की योजना और क्रियान्वयन में तेजी लाना है, ताकि क्षेत्र में सड़क संपर्क मजबूत हो और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सके।

पिछले 11 वर्षों में भारत का सड़क नेटवर्क तेजी से बढ़ा है और अब यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क बन गया है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1,46,560 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है।

पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार ने 57,125 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया है, जिसमें हर साल औसतन 34,215 लेन-किलोमीटर का निर्माण हुआ है। इससे प्रतिवर्ष करीब 33 करोड़ व्यक्ति-दिवस का रोजगार सृजन हुआ है, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के रोजगार शामिल हैं।

# वेदांता का डीमर्जर प्रभावी

## हिंदुस्तान जिंक समूह मजबूत स्तंभ

### हिंदुस्तान जिंक के दमदार प्रदर्शन से निवेशकों को मिलेंगे बेहतर रिटर्न के अवसर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।



वेदांता लिमिटेड ने 1 मई से अपने ऐतिहासिक डीमर्जर को प्रभावी कर दिया है, जिससे यह विशाल समूह पांच स्वतंत्र इकाइयों में विभाजित हो गया है। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य प्रत्येक व्यवसाय की अलग पहचान स्थापित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों के लिए बेहतर मूल्यांकन अवसरों को खोलना है। रिकॉर्ड डेट पर वेदांता के शेयरधारकों को चार नई लिस्टेड कंपनियों के शेयर मिलेंगे, जबकि हिंदुस्तान जिंक समूह के भीतर सबसे मजबूत और अहम बिजनेस के रूप में सामने आया है। डीमर्जर के तहत, वेदांता का एक शेयर रखने वाले निवेशकों को वेदांता एल्युमिनियम मेटल लिमिटेड, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड का एक-एक शेयर मिलेगा। बाल्को में वेदांता की हिस्सेदारी भी वीएएमएल को ट्रांसफर की जाएगी। इस नए स्वरूप में, हिंदुस्तान जिंक वेदांता समूह का सबसे मजबूत और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी है और वित्त वर्ष 26 तक भारत के जिंक बाजार में इसकी करीब 74 फीसदी हिस्सेदारी का अनुमान है। यह दुनिया के टॉप 10 सिल्वर उत्पादकों में भी शामिल है, जो राजस्थान में छह खदानें संचालित करती है, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी अंडरग्राउंड जिंक खदान, रामपुरा अगुचा शामिल है। हिंदुस्तान जिंक की मौजूदा जिंक स्मेल्टिंग क्षमता 934 केटीपीए है और कंपनी इसे बढ़ाकर 2 मिलियन टन प्रति साल करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। अनुमान है कि इसका एबिटडा वित्त वर्ष 27 में 2.7 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 30 तक 3.4 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। भारत में एकीकृत जिंक बिजनेस में एचजेडएल का कोई सीधा मुकाबला नहीं है, जो इसे अपने सेगमेंट में एक मजबूत एकाधिकार प्रदान करता है।

# जेपी ग्रुप के लिए अदाणी समूह की समाधान योजना को एनसीएलएटी ने दी मंजूरी

### वेदांता की याचिका खारिज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।



जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए अदाणी ग्रुप की समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) से मंजूरी मिल गई है। साथ ही, इसके प्रोसेस को चुनौती देने वाली वेदांता ग्रुप की याचिका को खारिज कर दिया गया है।

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुन मित्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के पूर्व आदेश को बरकरार रखा और कहा कि निर्णय लेने वाले प्राधिकरण के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है।

न्यायाधिकरण ने यह भी माना कि लेनदारों की समिति (सीओसी) द्वारा वेदांता की समाधान योजना को अस्वीकार करना उचित था।

एनसीएलएटी ने पाया कि 14 नवंबर, 2025 को हुई अपनी 24वीं बैठक में समिति द्वारा परिशिष्ट पर विचार न करने का निर्णय न तो अमान्य था और न ही अनुचित। न्यायालय ने आगे कहा कि समाधान योजना में कोई अनियमितता नहीं हुई है और समिति के व्यावसायिक विवेक को बरकरार रखते हुए प्रक्रिया को प्रभावी रूप से वैध ठहराया।

न्यायालय ने कहा, 'हमें निर्णय लेने वाले प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिलता है।' जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) को एनसीएलटी की इलाहाबाद बेंच द्वारा 3 जून, 2024 को कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में शामिल किया गया था।

इससे पहले, अपीलीय न्यायाधिकरण ने वेदांता द्वारा उठाई गई आपत्तियों के बावजूद, अदाणी समूह की समाधान योजना के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था। वेदांता ने तर्क दिया था कि उसकी बोली वित्तीय रूप से बेहतर थी।

एनसीएलएटी ने जेएएल के लिए अदाणी की 14,535 करोड़ रुपए की बोली की मंजूरी को चुनौती देने वाली वेदांता की अपील पर सुनवाई की थी।

इसके अलावा, वेदांता ने तर्क दिया था कि उसकी पेशकश का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) 12,505 करोड़ रुपए अधिक था। हालांकि, न्यायाधिकरण ने उस समय स्पष्ट किया था कि अदाणी की समाधान योजना के तहत उठाए गए कोई भी कदम वेदांता की याचिका के अंतिम परिणाम के अधीन रहेंगे। जेएएल 57,000 करोड़ रुपए से अधिक के ऋणों पर डिफॉल्ट करने के बाद जून 2024 में दिवालियापन प्रक्रिया में चला गया। वेदांता की अपील खारिज होने के साथ, अपीलीय न्यायाधिकरण ने अब जेपी के लिए अदाणी समूह की समाधान योजना के कार्यान्वयन का मार्ग खोल दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### वारी एनर्जीज का विदेशी राजस्व 20 प्रतिशत गिरा, मार्जिन पर दबाव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** वारी एनर्जीज को वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पश्चिम एशिया संकट से विदेशी बाजारों से प्राप्त राजस्व करीब 20 प्रतिशत गिरा, जबकि महंगी कमोडिटी कीमतों ने मार्जिन पर दबाव डाला। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट से खेपों में देरी हुई और स्टॉक बढ़ गया। इससे कंपनी को कम महंगे बाजारों में निर्यात करना पड़ा, जिससे राजस्व मिश्रण बिगड़ गया। विदेशी प्रीमियम बाजार ने पिछली तिमाही में कुल राजस्व में 32.6 प्रतिशत का योगदान दिया था। तिमाही में कंपनी का मार्जिन घटकर 18.6 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल इसी अवधि में 23 प्रतिशत था। मार्जिन में गिरावट का मुख्य कारण चांदी, तांबे और एल्युमीनियम जैसी कमोडिटी की रिकॉर्ड उच्च कीमतें रहीं। चांदी की कीमतों ने सेल लागत पर भारी असर डाला। गैस की कमी ने कांच की कीमतों को भी प्रभावित किया। इन चुनौतियों के बावजूद, वारी एनर्जीज अगले दो वर्षों में 30,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च करेगी। यह निवेश बैटरी ऊर्जा भंडारण, इंगट-वेफर, सेल और ग्लास विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में होगा।

### निजी बैंकों का थोक ऋण पर जोर, बैंक 27 में रिकवरी की कर रहे उम्मीद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** वित्तीय वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों ने अपनी ऋण वृद्धि को गति देने के लिए कॉर्पोरेट और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण देने पर जबरदस्त भरोसा जताया है। इस अवधि में खुदरा ऋणों में धीमी, एकल अंक की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे बैंकों को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ा। हालांकि, बैंक वित्त वर्ष 2027 में खुदरा ऋण में तेजी आने की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे उनके बही खाते में सार्थक वृद्धि होने की संभावना है। पश्चिमी एशिया में तनाव के बावजूद, अर्थव्यवस्था के विशिष्ट क्षेत्र जैसे डेटा सेंटर, हरित ऊर्जा और रक्षा के साथ-साथ कुछ बड़े औद्योगिक समूह मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं। बॉन्ड बाजार में अपेक्षाकृत महंगी स्थितियों ने भी कंपनियों को बैंकों से ऋण लेने के लिए प्रेरित किया है, जिससे बड़े बैंकों को इन क्षेत्रों में ग्राहक संबंधों का लाभ उठाते हुए ऋण वितरण में बड़ा हिस्सा मिल रहा है। बैंकों ने कॉर्पोरेट उधार में अतिरिक्त निवेश करना पसंद किया।

# भारत में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में तेजी जारी, पीएमआई अप्रैल में 54.7 रहा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।



भारत में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अप्रैल में 54.7 रहा है, जो कि मार्च में 53.9 था। इसकी वजह नए ऑर्डर (निर्यात सहित) और रोजगार के अवसर में वृद्धि थी। यह जानकारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई डेटा में सोमवार को दी गई। अप्रैल का डेटा दिखाता है कि भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और नए बिजनेस में तेजी जारी है। वहीं, निर्यात ब्राइट स्पॉट बना हुआ है और वृद्धि दर पिछले सितंबर से सबसे तेज रही है। रिपोर्ट में कंपनियों ने संकेत दिया है कि मध्य पूर्व में तनाव के कारण महंगाई के दबाव में इजाफा हुआ है। इनपुट और आउटपुट दोनों में क्रमशः 44 और छह महीनों में सबसे तेज वृद्धि हुई है।

एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'मध्य पूर्व संघर्ष के प्रभाव अधिक स्पष्ट होते जा रहे हैं, विशेष रूप से महंगाई के रूप में, जिससे इनपुट लागत अगस्त 2022 के बाद से सबसे तेज गति से बढ़ी है, और आउटपुट कीमतें छह महीनों में सबसे तेज दर से बढ़ी हैं।' मार्च में 53.9 से बढ़कर अप्रैल में 54.7 होने के बावजूद, मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) - जो नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ता वितरण समय और खरीद के स्टॉक के उपायों से प्राप्त समग्र स्थितियों का एक सूचक है - ने लगभग चार वर्षों में समग्र परिचालन स्थितियों में दूसरी सबसे धीमी सुधार का संकेत दिया। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने संकेत दिया कि विज्ञापन और मांग में स्थिरता ने बिक्री और उत्पादन को समर्थन दिया, लेकिन प्रतिस्पर्धी माहौल, मध्य पूर्व में युद्ध और ग्राहकों द्वारा लंबित कोटेशन को मंजूरी देने में अनिच्छा के कारण विकास बाधित हुआ। भारतीय निमार्ता विकास की संभावनाओं को लेकर आशावादी बने रहे। सकारात्मक भावना का समग्र स्तर मार्च से थोड़ा कम हुआ, हालांकि यह नवंबर 2024 के बाद से अपने दूसरे उच्चतम स्तर पर था।

# कृष्णा एन्क्लेव में बेसमेंट में चल रहा था चर्च, हंगामा और धर्मांतरण का आरोप

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 मई।

राजनगर एक्सटेंशन की कृष्णा एन्क्लेव सोसायटी में एक बिल्डिंग के बेसमेंट में चर्च संचालित होने का मामला सामने आने के बाद रविवार को जमकर हंगामा हुआ। स्थानीय निवासियों ने चर्च संचालकों पर धर्मांतरण के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। नंदग्राम थाना पुलिस ने बेसमेंट को सील कर जांच शुरू कर दी है। इसके बावजूद शाम तक सोसायटी के लोग मुख्य द्वार पर धरने पर डटे रहे और कार्रवाई की मांग करते रहे। पुलिस का कहना



है कि सभी पहलुओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सोसायटी निवासी और पूर्व पार्षद संजीव त्यागी के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे वह मुख्य द्वार पर ई-कॉमर्स कंपनियों के डिलीवरी बॉय की चेकिंग करा रहे थे, क्योंकि हाल में उनके व्यवहार को लेकर शिकायतें मिली थीं। प्रत्येक का नाम एंट्री रजिस्टर में दर्ज कराया जा रहा था।

इसी दौरान आठ से 10 लोग गाड़ियों से पहुंचे और पूछने पर कैंब्रिज स्कूल जाने की बात कही। स्कूल का अवकाश होने के चलते शक हुआ तो उन्होंने स्कूल जाने का कारण पूछा। इस पर वे लोग वापस लौट गए। कुछ देर बाद सोसायटी के भीतर से कुछ लोग आए और उन्हें रोकने का विरोध करने लगे। पूछताछ में पता चला कि स्कूल वाली बिल्डिंग के बेसमेंट में चर्च चलता है। सभी वहीं जा रहे थे।

बिल्डिंग में चर्च की जानकारी मिलते ही सोसायटी में विरोध शुरू हो गया। आरोप लगाया कि चर्च को गोपनीय रूप से चलाया जा रहा था और यहां धर्मांतरण की गतिविधियां भी होती थीं। निवासियों के अनुसार, यह स्थान केवल शनिवार और रविवार को खुलता था।

हंगामे की सूचना पर नंदग्राम थाना पुलिस सोसायटी पहुंची, लेकिन तब तक चर्च संचालक और उसके साथी मौके से जा चुके थे। पुलिस ने चर्च के भीतर जाकर देखा तो चारों तरफ धार्मिक और ईसा मसीह के संदेशों वाले पोस्टर लगे मिले। इसके बाद पुलिस ने एहतियातन परिसर को सील कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### चाकू दिखाकर चेन लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने शनिवार को ग्रीनफील्ड कॉलोनी में चाकू दिखाकर सोने की चेन लूटने के मामले में आरोपी साजिद कुरैशी को गिरफ्तार किया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी साजिद अभी जयपुर में रह रहा था। आरोपी से पूछताछ में फरीदाबाद में लूट और स्नेचिंग की आठ अन्य वारदात का भी खुलासा हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी जयपुर की एक कंपनी में मार्केटिंग का काम करता है और उस पर पहले भी गुरुग्राम व राजस्थान में लूट के 10 मामले दर्ज हैं। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से तीन दिन के रिमांड पर भेजा गया है। वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल और चाकू बरामद कर लिया गया है।

### साइबर ठगी के मामले में एक सप्ताह में 33 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** साइबर थानों की टीमों ने ठगों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक सप्ताह के अंदर 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 25 अप्रैल से एक मई के बीच हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 लाख 66 हजार 118 रुपये बरामद किए हैं। इसके साथ ही विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 6 लाख 51 हजार 699 रुपये खातों में फ्रिज कराए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी के चार और सेंट्रल के तीन मामलों में यह गिरफ्तारियां की गई हैं। पुलिस ने सुमित, मानवेंद्र, राजकुमार, विकाश चौधरी, विजय पांडे, शिवम तिवारी, साहिल परिजादा, चिराग, अमित, सुमित, लक्ष्य सैनी, मनोज, अजय सिंह, सतेंद्र सिंह, शंकर लखारा, भैरूलाल धोबी, युवराज खोईवाल, हिमांशु, हरीश कुमार, मिनारूल हक, अनिल, लक्ष्मण, अनिल कुमार, मनीष, मोहम्मद जुनैद, साजिद खान, लोकेश कुमार, हरि पवन, मोहन कुमार, सोनू कटारिया, करण, आकाश और तुषार को गिरफ्तार किया है।

### सीवर सफाई के दौरान दम घुटने से दो कर्मियों की मौत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** सेक्टर-84 स्थित प्राणायाम सोसाइटी के पास शनिवार शाम करीब छह बजे सीवर लाइन की सफाई के दौरान खेड़ी कला निवासी 45 साल के राजेंद्र और 50 साल के सुनील की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों बीपीटीपी के कर्मचारी थे। इस मामले में पुलिस ने बीपीटीपी और संबंधित स्टेट प्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मशीन पर काम कर रहे युवक का पंजा कटा
# फैक्टरी मालिकों पर प्राथमिकी

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 मई।



राजेंद्र नगर के मोहनी गार्डन स्थित श्री राम इंटरनेशनल कंपनी नामक फैक्टरी में श्रमिक का हाथ कटने का मामला ढाई माह बाद 3 मई को दर्ज हुआ है। 14 फरवरी को हुए हादसे में धातु की चादरें काटने वाले शियरिंग मशीन पर काम कर रहे श्रमिक शैलेश कुमार की चार उंगलियां, अंगूठा और हथेली कट गई थी। उनके बहनोई महेंद्र सिंह ने फैक्टरी मालिक पर खराब मशीन पर काम करने का दबाव बनाने और इलाज में सहयोग न करने का आरोप लगाया है।

दर्ज मामले में महेंद्र सिंह ने बताया कि उनका साला शैलेश मूलरूप से अजंता कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र स्थित कट फास्ट इंडस्ट्रीज नामक फैक्टरी में मशीन ऑपरेटर के पद पर 6 वर्ष से कार्यरत है। फैक्टरी मालिक रोहित गुप्ता अक्सर उसे अपने परिचित राजीव रंजन की फैक्टरी श्रीराम इंटरनेशनल में काम करने के लिए भेजते रहते थे। 14 फरवरी को भी उन्होंने शैलेश को वहां भेजा था। बताया कि जब वह वहां पहुंचा तब आवश्यक ऑर्डर पूरा करने की बात कहते हुए शैलेश से शियरिंग मशीन पर काम करने को कहा। शैलेश ने जब मशीन की खराब हालत और गड़बड़ पार्ट्स देखे तब उसने काम करने से मना कर दिया। आरोप है कि तब राजीव रंजन ने उस पर काम करने का दबाव बनाया और जबरन मशीन पर बिठा दिया। बताया कि काम करते समय मशीन की डाई खुलकर शैलेश के दाएं हाथ पर गिरी और उसकी चार उंगलियां, अंगूठा और हथेली पूरी तरह कट गई। आरोप है कि काफी देर तक फैक्टरी मालिक उसे अस्पताल नहीं लेकर गए। शाम करीब 6 बजे राजीव रंजन के भाई प्रदीप कुमार ने घायल शैलेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। आरोप है कि ढाई माह तक शैलेश की मूल कंपनी के मालिक रोहित गुप्ता और दूसरी फैक्टरी के राजीव रंजन ने इलाज में कोई सहयोग नहीं किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

प्रभारी एसीपी अमित सक्सेना का कहना है कि दोनों फैक्टरी के संचालकों को प्राथमिकी में नामजद किया गया है। जिस फैक्टरी में हादसा हुआ वहां के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। नोटिस भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार पार्किंग करने पर विवाद, चालक को पीटा

**कौशांबी, यूटर्न/ 04 मई।** सेक्टर पांच निवासी सी निशांत पर 1 मई की दोपहर चार अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। विवाद तब हुआ जब वह अपनी कार घर के पास पार्क कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी कार भी क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सी निशांत ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी कार पार्क कर रहे थे। तभी पार्किंग को लेकर 3-4 अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे और गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर अचानक हमला करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। उनके कान में पड़ी बाली भी खींचने का प्रयास किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब आरोपियों ने पास में रखे गमले मारकर गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। कार पार्किंग को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## हत्या के बाद दलित युवक के परिजनों को मिली पांच लाख की आर्थिक मदद

**लोनी, यूटर्न/ 04 मई।** बाग राणप गांव निवासी दलित युवक सोनू जाटव (32) की हत्या के बाद उनके परिवार वालों को सरकार की तरफ से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। 3 मई को लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर और एसडीएम दीपक कुमार ने पीड़ित परिवार को चेक दिया। परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। 25 अप्रैल को सोनू जाटव कंचन पार्क कॉलोनी में साथियों के साथ गोदाम पर गया था। पड़ोस में रहने वाले जाहिद ने अपने बेटे आमिर उर्फ सोनू, शाहरुख व अन्य के साथ मिलकर मकान कब्जाने के शक में गोदाम के पास खड़े सोनू की लाठी डंडे से पिटाई कर दी थी। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के चलते इलाज में देरी हुई। जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लोनी विधायक ने 28 अप्रैल को सोनू के पिता चरण सिंह व पत्नी के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलकर घटना की जानकारी दी थी।

## फेसबुक लिंक से फोन हैक कर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 मई।** बल्लभगढ़ के सुभाष कॉलोनी निवासी व्यक्ति का फोन हैक कर 27 हजार रुपये ठगने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शामली निवासी कपिल देव और मोहन के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने दो मई को दोनों आरोपियों को उत्तर प्रदेश के शामली से पकड़ा है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी कपिल एमए पास है और मोहन 12वीं तक पढ़ा है। प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित 14 दिसंबर 2025 को फेसबुक पर सर्फिंग कर रहा था, तभी उसे फ्री टीवी गार्डन एप्लीकेशन का एक लिंक दिखा।

## क्राइम ब्रांच ने नकली ऑटो पार्ट्स के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया, दो भाई गिरफ्तार



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 मई।** दिल्ली क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-1 टीम ने नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स के एक बड़े गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। टीम ने करोल बाग के ऑटो मार्केट में दो दुकानों पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली मोटरसाइकिल पिस्टन और क्लच प्लेट्स बरामद किए और दो भाइयों को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर प्रकाश चंद के नेतृत्व में एसआई अंशु कादियान, एसआई सुमित कुमार, एसआई अमित कुंडू समेत अन्य अधिकारियों की टीम ने 3 मई 2026 को दो दुकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एसीपी राजकुमार के पर्यवेक्षण में की गई। छापे के दौरान श्रीराम और उषा पिस्टन असेंबली ब्रांड के नकली पार्ट्स जब्त किए गए, जो प्रतिष्ठित ब्रांडों की नकल में बनाए जा रहे थे। दुकान नंबर 3, नई वाला, करोल बाग से हर्षित गुप्ता (पुत्र संजय गुप्ता, निवासी संगम विहार) गिरफ्तार हुआ। यहां से 473 नकली पिस्टन असेंबली, 24 खाली डिब्बे और 12 कैप बरामद हुए। दुकान नंबर 1509, त्रिमूर्ति ऑटो पार्ट्स से अभिषेक कुमार गुप्ता (पुत्र स्वर्गीय संजय गुप्ता) को गिरफ्तार किया गया। यहां से 386 नकली पिस्टन असेंबली और 169 नकली क्लच प्लेट के डिब्बे जब्त किए गए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सगे भाई हैं और पिछले तीन वर्षों से नकली पिस्टन व क्लच प्लेट्स बेच रहे थे। वे रोजाना 1000-1200 पिस्टन बेचते थे और इन पर असली ब्रांडों के नकली लेबल लगाकर बेचते थे।

# फ्लैटों की सजावट बन रही आग में घी

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 मई।

लोग अपने घर को दूसरों से अलग बनाने के लिए हजारों-लाखों रुपये खर्च कर लकड़ी, पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) समेत अन्य संसाधनों से सजाते हैं। फ्लैट की बालकनी से धूल अंदर न आए, इसके लिए प्लास्टिक का प्रयोग करते हैं। आग जैसी त्रासदी में यही चकाचौंध घी का कार्य करती है।

गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी में लगी आग की जांच में भी 9वीं मंजिल के फ्लैट में किए गए लकड़ी के कार्य और उसके ऊपर के कुछ फ्लैटों की बालकनी में लगी पीवीसी शीट आग के बेकाबू होने का कारण बनी।

इस मामले में जांच करने गए विद्युत सुरक्षा के सहायक निदेशक सौरभ सिंह ने बताया कि जिस फ्लैट से आग शुरू हुई, वहां आग के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन था। इसी कारण आग तेजी से फैली। उन्होंने बताया कि घर में बिजली का लोड ज्यादा नहीं था। जांच में सामने आया कि घर में रोज एक दिया जलाया जाता था। उस दिन भी दिया जलाया गया। संभावना है कि उसी दिए से आग लगी हो और फ्लैट में लकड़ी के साथ अन्य



प्रकार की कलाकृतियां थीं, जिन्होंने आग को विकराल बना दिया।

### छोटी-सी जगह पर सब कुछ सजाने की आदत गलत

आर्किटेक्ट हिमांशु गुप्ता ने बताया कि लकड़ी का कार्य और पीवीसी के डिजाइन आज के वक्त में ऐसे हो गए हैं कि हर कोई अपने घर को इससे सजाना चाहता है। खासकर फ्लैट मालिकों में यह इच्छा ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि दोनों ही आग के लिए ईंधन हैं। साथ ही चारकोल शीट का प्रयोग बढ़ गया है। इसमें एक बार आग लगने पर उसे रोकना मुश्किल होता है। लोग कम खर्च में अच्छा दिखाने के चक्कर में घर की दीवारों तक पर इनका प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फ्लैट छोटे होते हैं। आग लगने पर उसे बुझाने के लिए जरूरी जगह भी कई बार नहीं मिल पाती है। पीवीसी की आग को काबू करने के लिए कुछ सेकंड में ही उसे बुझाना होता है, वरना वह बड़े क्षेत्र में फैल जाती है।

आर्किटेक्ट हिमांशु गुप्ता ने बताया कि घर को अच्छा दिखाने के लिए स्टोन और ईंट की कलाकृतियां भी आती हैं। ये दिखने में भी अच्छी लगती हैं। आग लगने पर सुरक्षा देने का कार्य भी करती हैं। उन्होंने बताया कि अब सीमेंट ईंटों में आकर्षक डिजाइन मिल जाते हैं। लोग इनका प्रयोग कर घर को सुंदर दिखाने के साथ सुरक्षित भी बना सकते हैं।

### पीवीसी ने आग को ऊपर तक पहुंचाने में की मदद

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि गौर ग्रीन सोसायटी के जिन फ्लैटों में आग लगी, उनमें से कई की बालकनी में धूल और धूप रोकने के लिए पीवीसी शीट लगी हुई थी। आग इनके माध्यम से ही ऊपर की मंजिल तक पहुंची और अन्य घरों को चपेट में ले लिया। सीएफओ ने बताया कि इस प्रकार की शीट नहीं लगाने के लिए लोगों को कहा जाता है, क्योंकि यह आग के लिए सीढ़ी का कार्य करती है। नियमों के अनुसार राहत कार्य के लिए बालकनी को ब्लॉक नहीं किया जा सकता। इस संबंध में आर्किटेक्ट हिमांशु ने बताया कि पीवीसी के स्थान पर एल्युमिनियम या लोहे के फ्रेम में सीमेंट शीट भी लगाई जा सकती है। यह बहुत कीमती भी नहीं है। इससे आग भी नहीं फैलेगी।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## थिएटर ने बहुत कुछ सिखाया रश्मि देसाई को

छोटे बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मि देसाई का मानना है कि थिएटर ने उन्हें एक कलाकार के तौर पर बहुत कुछ सिखाया है और यह सीखने का एक बेहद खूबसूरत और प्रभावशाली माध्यम है। अभिनेत्री ने कहा कि थिएटर एक्टर्स बहुत मेहनत करते हैं। उन्हें उनका हक समय पर नहीं मिलता। वे जिस तरह का मजा करते हैं, उनका एक छोटा सा परिवार होता है और वे उसी में खुश रहते हैं। रश्मि ने इस बात पर जोर दिया कि थिएटर कलाकार बाहरी तारीफों या बड़ी पहचान के पीछे नहीं भागते। उन्हें किसी और की तारीफ की जरूरत नहीं होती कि ठीक है, यह करो, वह करो। वे अपनी कला और अपने साथियों के साथ खुश रहते हैं।

रश्मि ने थिएटर कलाकारों की जोखिम लेने की अद्वितीय क्षमता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि थिएटर एक्टर्स हर तरह का रिस्क लेने के लिए तैयार रहते हैं। यदि मंच पर कोई गलती हो जाए या कोई असफलता मिले, तो भी उनके साथी कलाकार उनका हाथ थाम लेते हैं और उन्हें यह भरोसा दिलाते हैं कि यह वक्त भी गुजर जाएगा।



## मेरी मां बेहतरीन अदाकारों में से एकः पलक तिवारी

अपनी आगामी वेब सीरीज लुक्खे के जरिए अभिनेत्री पलक तिवारी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सीरीज में पलक ने सनोबर नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है, जो म्यूजिक और हाई-स्टेक्स वाली दुनिया में अपनी कमजोरियों, प्यार और अंदरूनी संघर्षों से लड़ती नजर आएगी। यह सीरीज चंडीगढ़ की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रैप कल्चर, स्ट्रीट राइवलरी और बदले की एक रोमांचक कहानी को दर्शाया गया है। पलक अपने किरदार को बेहद दिलचस्प बताती हैं और उनका कहना है कि सनोबर काफी भावनात्मक और एक्सप्रेसिव है, जो दर्शकों को उससे जोड़ पाएगी। पलक तिवारी को अभिनय विरासत में मिला है, उनकी मां श्वेता तिवारी टेलीविजन इंडस्ट्री की जानी-मानी और सम्मानित अदाकारा हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज किया है। दिग्गज अभिनेत्री की बेटी होने के नाते, पलक पर हमेशा उम्मीदों का दबाव रहता है, लेकिन वह इसे सकारात्मक रूप से देखती हैं। इस बारे में पलक का कहना है, बेशक, मेरी मां के शानदार अभिनय की वजह से थोड़ा प्रेशर होता है।



यह फिल्म डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित बताई जाती है, जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर, इश्वाक सिंह और ईशा देओल जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

# खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही महत्वपूर्णः अदा शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में काम और निजी जिंदगी के बीच सही संतुलन बनाना हमेशा संभव नहीं हो पाता। अभिनेत्री ने हाल ही में काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। उन्होंने वर्क-लाइफ बैलेंस की तुलना जेंगा के खेल से की, जिसमें थोड़ा सा बदलाव भी पूरे ढांचे को बिगाड़ सकता है। अदा ने कहा कि यह जेंगा के खेल जैसा लगने लगता है। बस एक और शूट जुड़ता है और सब कुछ डगमगा जाता है। उनका कहना है कि परफेक्ट बैलेंस के पीछे भागने के बजाय, वह दिन को हल्के-फुल्के अंदाज में जीने पर ध्यान देती हैं। उनके लिए छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूंढना और खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही सबसे महत्वपूर्ण है।

अदा ने आगे कहा कि उन्होंने यह बात अच्छी तरह समझ ली है कि वह परफेक्ट बैलेंस बनाने में उतनी अच्छी नहीं हैं, लेकिन इतना जरूर कर लेती हैं कि पूरी तरह टूट न जाएं। वे कई बार पांच घंटे की नींद को भी सेहतमंद मान लेती हैं और उसी के सहारे अपना पूरा दिन आराम से निकाल लेती हैं। उनके लिए यह एक तरह की स्वीकृति है कि हर दिन आदर्श नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी उसमें खुशियां ढूंढी जा सकती हैं। अदा ने यह भी बताया कि उनके लिए एक सफल दिन तब होता है जब वह समय पर शूट पूरा कर लें, हंस लें, समय पर खाना खा लें और सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्हें याद रहे कि उन्होंने अपना फोन कहां रखा है। उनके मुताबिक, जीवन की ये छोटी-छोटी जीत ही असली वेलनेस हैं, जो व्यक्ति को मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुष्ट रखती हैं। काम की बात करें तो 33 वर्षीय अभिनेत्री अदा शर्मा को हाल ही में फिल्म तुमको मेरी कसम में देखा गया था, जिसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित बताई जाती है, जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर, इश्वाक सिंह और ईशा देओल जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अब अदा जल्द ही एक और महत्वपूर्ण फिल्म गवर्नरः द साइलेंट सेवियर में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी भी होंगे। यह फिल्म 1991 के आर्थिक संकट के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर रहे एस. वेंकटरमणन के समय से प्रेरित बताई जा रही है, हालांकि मेकर्स ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रेजेंट किया है और इसका निर्देशन चिन्मय मंडलेकर ने किया है।

# बाबर की पेशावार जल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को हराकर दूसरी बार पीएसएल खिताब जीता

**लाहौर, यूटर्न/ 04 मई।** बाबर आजम की टीम पेशावर जल्मी ने यहां गद्दाफी स्टेडियम में खेले पीएसएल के फाइनल मुकाबले में हैदराबाद किंग्समेन को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया है। जल्मी टीम ने इसी के साथ ही दूसरी बार पीएसएल जीता है। साल 2017 में टीम ने पहली बार ट्रॉफी जीत थी। बाबर पहले भी दो बार पीएसएल विजेता टीम में रहे हैं पर कप्तान के तौर पर ये उनकी पहली जीत रही है। बाबर की टीम ने फाइनल में आरोन हार्डी की किंग्समेन को हरा दिया। किंग्समेन की टीम 18 ओवर में 129 रन ही बना पायी। साइम अयूब ने 54 रन बनाये पर उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पेशावर की टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। उसने 40 रन पर 4 विकेट खो दिये। आजम पहली ही गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद मोहम्मद हारिस, कुसल मेंडिस और माइकल ब्रेसवेल के विकेट भी गिर गये। ऐसे में हार्डी ने तेजी से 39 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए. उन्होंने अब्दुल समद 48 रन के साथ 85 रनों की साझेदारी कर टीम को 15.2 ओवर में ही जीत दिला दी। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड सुफियान मुकीम (पेशावर जल्मी) को मिला। सुफियान ने 22 विकेट लिए। वहीं सबसे ज्यादा रन के लिए (ऑरेंज कैप) बाबर आजम को मिली।



# अश्विन बोले, धोनी को अपनी गेंदबाजों पर रहता था पूरा भरोसा

## मेरे लिए कभी फील्डिंग नहीं सजाई

**चेन्नई, यूटर्न/ 04 मई।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना भरोसा उनको गेंदबाजों पर रहता था उतना किसी और में नहीं देखा है। अश्विन ने धोनी की कप्तानी कौशल के लिए नहीं, बल्कि उनकी विकेटकीपिंग और खेल के प्रति स्पष्ट सोच के लिए है। अश्विन ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्पिनरों के सामने धोनी जैसी विकेटकीपिंग करते हुए किसी और को नहीं देखा है।

अश्विन ने कहा कि लोग धोनी की शानदार कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं, और उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है, लेकिन उनके लिए धोनी की दो विशेषताएं सबसे अलग हैं। पहली, एक मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनकी क्षमता, जो खेल को आखिर तक ले जाकर अनुकूल परिणाम में बदल सकते थे। और दूसरी, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी अद्भुत विकेटकीपिंग, जिसमें उन्हें कोई सानी नहीं। अश्विन ने धोनी के अपनी गेंदबाजों पर भरोसे को भी याद किया। उन्होंने बताया, धोनी ने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपनी फील्डिंग स्वयं जमाता था।

## फटाफट खबरें

### केन्या में कुदरत का कहर जारी, सप्ताह भर में 18 मौतें, हजारों विस्थापित

**नैरोबी, यूटर्न/ 04 मई।** पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या इन दिनों कुदरत के भयावह प्रकोप से जूझ रहा है। पिछले एक सप्ताह से जारी मूसलाधार बारिश और उसके बाद आई विनाशकारी बाढ़ ने देश के बड़े हिस्से को अस्त-व्यस्त कर दिया है, जिससे अब तक 18 लोगों की जान जा चुकी है। केन्याई पुलिस और गृह मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इन सात दिनों में जान गंवाने वालों में अधिकांश डूबने के शिकार हुए हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि देशभर में बाढ़ से 54,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं, जिनमें अकेले राजधानी नैरोबी के 6,000 परिवार शामिल हैं। बाढ़ के पानी से कई विद्यालय और अस्पताल जलमग्न हो गए हैं, वहीं 17 प्रमुख सड़कों पर आवागमन ठप पड़ गया है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पश्चिमी रिफ्ट वैली क्षेत्र में भूस्खलन के कारण हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। देश के जलविद्युत बांधों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ताना और अथी नदियों के निचले इलाकों में रहने वाले निवासियों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

### जर्मनी में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती में कटौती के बाद भी मर्ज ने दोनों देशों में सहयोग जारी रखने का किया वादा

**बर्लिन, यूटर्न/ 04 मई।** जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में हुए जुबानी तनाव के बावजूद वह अमेरिका के साथ सहयोग नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह जर्मनी से लगभग 5,000 अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रहा है। अमेरिका की ओर से किए गए इस ऐलान से पहले जर्मन चांसलर मर्ज ने कहा था कि अमेरिका के पास ईरान में सैन्य कार्रवाई का कोई ठोस प्लान नहीं है और उसको ईरान की लीडरशिप की ओर से अपमानित भी किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि पब्लिक ब्रॉडकास्टर एआरडी के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, मर्ज ने यह भी पुष्टि की है कि अमेरिका फिलहाल जर्मनी में टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें तैनात नहीं करेगा।

### अमेरिकी को चकमा देकर ईरान का विशाल पोत तेल लेकर इंडोनेशिया पहुंचा

**तेहरान, यूटर्न/ 04 मई।** तेल परिवहन निगरानी फर्म ने बताया है कि ईरान का दूसरा विशाल कच्चा तेल वाहक पोत अमेरिकी नौसेना को सफलतापूर्वक चकमा देकर इंडोनेशिया के जलक्षेत्र से होते हुए रियाउ द्वीपसमूह की ओर बढ़ गया है। एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि डेयरिया नामक यह पोत इंडोनेशिया के लोम्बोक जलडमरूमध्य से गुजर रहा है। यह गतिविधि अप्रैल के मध्य में भारत को 1.88 मिलियन बैरल ईरानी कच्चे तेल की आपूर्ति करने के असफल प्रयास के बाद हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक टैंकर की गतिविधियों का विवरण देते हुए बताया गया है कि जहाज को दक्षिण की ओर बढ़ते हुए देखा, उस समय जब क्षेत्र में मौजूद उसके साथी जहाजों को अमेरिकी नौसेना द्वारा वापस ईरान भेजा जा रहा था। निगरानी समूह ने आगे बताया कि यह पोत वर्तमान में रियाउ द्वीपसमूह में अपने निर्धारित गंतव्य की ओर अग्रसर है।

## तेहरान के 14-सूत्रीय प्लान को लेकर ईरान का दावा-अमेरिका ने प्रस्ताव पर दिया जवाब

**तेहरान, यूटर्न/ 04 मई।** ईरान और अमेरिका के बीच दो हफ्ते के सीजफायर के बाद सुलह को लेकर अब तक कोई बात नहीं बन पाई है।



इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध खत्म करने के लिए ईरान के 14-पॉइंट वाले प्रस्तावित प्लान पर जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सरकारी आईआरआईबी टीवी को दिए एक इंटरव्यू में इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अमेरिकी की तरफ से दिए गए जवाब की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान का प्लान सिर्फ युद्ध खत्म करने पर फोकस है और इसमें न्यूक्लियर फील्ड की डिटेल्स से जुड़ी कोई बात नहीं है। बघाई ने आगे कहा, 'अभी, हम लेबनान समेत इस इलाके में युद्ध खत्म करने से जुड़े पैरामीटर्स पर फोकस कर रहे हैं। इस स्टेज पर न्यूक्लियर को लेकर हमारी कोई बातचीत नहीं है।' जबकि, अमेरिका का मुख्य मुद्दा ही न्यूक्लियर है। ईरान ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि वह न्यूक्लियर बम बनाने की कोशिश कर रहा है। ईरान का कहना है कि उसका प्रोग्राम सिर्फ शांतिपूर्ण कामों के लिए है, हालांकि यह देश अकेला ऐसा देश है जिसके पास न्यूक्लियर हथियार नहीं हैं और जिसने यूरेनियम को हथियार-ग्रेड लेवल के करीब संवर्धन किया है।

# बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप बढ़ा

## 10 और बच्चों ने तोड़ा दम, मृतकों की संख्या 290 के पार

**» ढाका, यूटर्न/ 04 मई।**

बांग्लादेश में खसरे और खसरे जैसे लक्षणों से 10 और बच्चों की मौत हो गई। इस तरह अब तक कुल मृतकों की संख्या 294 हो गई है।

स्थानीय मीडिया ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के हवाले से इसकी जानकारी दी। ये आंकड़े डीजीएचएस के डेटा का हवाला देते हुए, द डेली स्टार ने बताया कि 24 घंटों (शनिवार से रविवार सुबह तक) के दौरान खसरे की वजह से मौत का आंकड़ा 50 तक पहुंच गया।

इसी दौरान खसरे के 9 नए संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे इस अवधि में संक्रमितों की संख्या 244 तक पहुंच गई। इनमें से, ढाका डिवीजन में चार, बारिशाल में दो, चटगांव, खुलना और सिलहट डिवीजन में एक-एक मौत हुई।

इसके अलावा, इसी समय में 95 नए ऐसे मामले दर्ज किए गए जिनकी पुष्टि हो चुकी थी, जिससे कुल मामले बढ़कर 5,313 हो गए। वहीं, पिछले 24 घंटों में डीजीएचएस ने 1,166 नए संदिग्ध मामले दर्ज किए, जिससे कुल संदिग्धों की संख्या 40,491 हो गई। जैसे-जैसे बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप बढ़ रहा है, हेल्थकेयर से जुड़ी चिंताएं भी बढ़ रही हैं। स्थानीय मीडिया का दावा है कि बंदरबन जिले के अलीकादम उपजिला के कई दूर-दराज की पहाड़ी बस्तियों में खसरे जैसे लक्षण वाले बच्चों का इलाज स्थानीय नुस्खों और हर्बल दवाओं से किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में इलाके के 10 से 15 गांवों में खसरे जैसे लक्षण वाले पांच बच्चों की मौत हो गई, और कई दूसरे बच्चे भी संक्रमित हो गए हैं। 'साइंस एडवाइजर' के अनुसार, यह खसरा महामारी जुलाई 2024 के विरोध प्रदर्शनों के बाद वैक्सीन की खरीद में 'बहुत बड़ी रुकावट' से पैदा हुई है, जिससे पूरे देश में वैक्सीन की कमी हो गई और इम्यूनाइजेशन रेट में भारी गिरावट आई।



खसरे के प्रकोप से बढ़ती मौतों की संख्या बच्चों में ज्यादा कुपोषण और कमजोर हेल्थ सिस्टम की वजह से और बढ़ गई है। 2024 में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद, मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अपने 18 महीने के कार्यकाल के दौरान पूरे वैक्सीन कवरेज सिस्टम को बिगाड़ दिया।

# ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिका छोड़कर भाग रहे हजारों लोग

### कनाडा की नागरिकता ले रहे लोग

**» ओटावा, यूटर्न/ 04 मई।**

दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका में इन दिनों एक अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिल रही है। जहाँ एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकन ड्रीम को बचाने के लिए प्रवासियों पर सख्त रुख अपना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद अमेरिकी नागरिक अपना देश छोड़कर पड़ोसी देश कनाडा की नागरिकता लेने के लिए कतारों में खड़े हैं। ट्रंप जिस कनाडा का अक्सर मजाक उड़ाते रहे हैं, आज वही देश अमेरिकियों के लिए सुरक्षा कवच बनता जा रहा है।



इस बड़े बदलाव के पीछे कनाडा सरकार द्वारा नागरिकता कानूनों में किया गया एक ऐतिहासिक संशोधन है। दरअसल, कनाडा ने अपने सेकंड जनरेशन कट-ऑफ (दूसरी पीढ़ी के कट-ऑफ) नियम को समाप्त कर दिया है। पुराने नियमों के मुताबिक, यदि कोई कनाडाई नागरिक विदेश में पैदा हुआ था, तो वह अपनी नागरिकता अपने उन बच्चों को नहीं दे सकता था जिनका जन्म भी कनाडा से बाहर हुआ हो। इस सख्त कानून के कारण हजारों लोग कनाडाई विरासत से वंचित थे। अब नए कानून के तहत, विदेश में पैदा हुए माता-पिता भी अपने बच्चों को कनाडाई नागरिकता दिला सकते हैं। इसके लिए उन्हें बस यह साबित करना होगा कि वे अपने जीवनकाल में कम से कम 1,095 दिन कनाडा में रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कानून के आते ही अमेरिकी प्रोफेशनल्स, डॉक्टरों और इंजीनियरों के बीच कनाडा जाने की होड़ मच गई है। इसके पीछे केवल कानूनी सरलता नहीं, बल्कि अमेरिका में बढ़ता राजनीतिक ध्रुवीकरण और अनिश्चितता का माहौल भी है। ट्रंप प्रशासन की सख्त नीतियों और घरेलू अस्थिरता ने संपन्न अमेरिकियों को भविष्य के लिए एक प्लान-बी सोचने पर मजबूर कर दिया है।

## फोटो स्टोरी



**कोलंबिया के पोपायन में एक अनियंत्रित ट्रक ने कई लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये।**

# होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों को निकालेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 04 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच फंसे जहाजों को निकालने के लिए मदद की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि कई देशों ने मदद के लिए वाशिंगटन से संपर्क किया और कहा है कि उनका चल रहे झगड़े से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन फिर भी उनके जहाज होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान, मिडिल ईस्ट और अमेरिका की भलाई के लिए हमने इन देशों से कहा है कि हम उनके जहाजों को इन बंद पानी के रास्तों से सुरक्षित बाहर निकालेंगे। ट्रंप ने इस कोशिश को प्रोजेक्ट फ्रीडम बताया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि इस कदम का मकसद न्यूट्रल और बेकसूर लोगों की मदद करने के साथ यह सुनिश्चित करना है कि जहाज आजादी से और अच्छे से अपना काम कर सकें। उन्होंने इस पहल को मानवीय दखल के तौर पर बताया और कहा कि कई जहाजों पर हालात खराब हो रहे हैं।

## कैंप बुहेरिंग हमले में हुआ अमेरिका को 42,000 करोड़ का नुकसान

### ईरान के बूढ़े फाइटर जेट ने भेदा अमेरिका का चक्रव्यूह

**» तेहरान, यूटर्न/ 04 मई।**

ईरान और अमेरिका के बीच जारी भीषण युद्ध ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सैन्य साख पर गहरे सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। अत्याधुनिक तकनीक और अजेय माने जाने वाले अमेरिकी रक्षा तंत्र को ईरान के एक लगभग 40 साल पुराने लड़ाकू विमान ने न केवल चुनौती दी, बल्कि उसे ध्वस्त भी कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैंप बुहेरिंग के भीतर मची तबाही से अमेरिका को करीब 5 बिलियन डॉलर (42,000 करोड़ रुपये) से ज्यादा का आर्थिक झटका लगा है। इस हमले में कमांड सेंटर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेंटर और विमान हैंगर को सीधा निशाना बनाया गया।

दर्जनों विमान और एयरस्ट्रिप के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कई वेयरहाउस पूरी तरह तबाह हो गए हैं। यह घटना साबित करती है कि युद्ध कौशल और सटीक रणनीति के सामने आधुनिक तकनीक भी फेल हो सकती है। ईरान



अब तक कतर, बहरीन और सऊदी अरब सहित सात देशों में मौजूद 11 अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना चुका है, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। खबर है कि ईरान के पुराने पड़ चुके एफ-5 टाइगर -फाइटर जेट ने कुवैत में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे कैंप बुहेरिंग पर हमला कर ट्रंप प्रशासन को अरबों डॉलर का चपत लगाई है। कोल्ड-वॉर युग का यह विमान, जिसे आधुनिक हवाई युद्ध में आउटडेटेड या कबाड़ माना जाता है, अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम और हाई-टेक रडार कवरेज के जाल को भेदने में सफल रहा। सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार, ईरानी पायलट ने रडार से बचने के लिए बेहद कम ऊंचाई पर उड़ान भरने (नेप-ऑफ-द-अर्थ) की रणनीति अपनाई।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *